<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय एवं मैनेज हैदराबाद द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

पन्तनगर। 25 जनवरी 2024। पन्तनगर विश्वविद्यालय एवं मैनेज हैदराबाद द्वारा तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ 22 जनवरी 2024 को हुआ। जिसका शीर्षक वैज्ञानिकों की पोषण संवेदनशील कृषि क्षमताओं को मजबूत करने में आईसीटी का उपयोग था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपनिदेशक मैनेज डा. विनीता कुमारी, अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप, विभागाध्यक्ष कृषि संचार डा. वी.एल.वी. कामेश्वरी, समन्वयक डा. अर्पिता शर्मा कांडपाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन 24 जनवरी 2024 को हुआ, जिसमें उपस्थित अतिथियों ने बताया कि यह कार्यक्रम सभी वैज्ञानिकों के लिए ज्ञानवर्धक साबित होगा और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम किये जायेगें। कार्यक्रम में पोषण संवेदनशील कृषि से सम्बधित व्याख्यान दिये गये। इस तीन दिवस कार्यक्रम में 12 से अधिक वैज्ञानिकों ने व्याख्यान प्रस्तुत किये। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 से अधिक सह प्रध्यापक, वैज्ञानिक एवं सरकारी अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन संचालित।

निदेशक संचार